लाल बहादुर शास्त्री
उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान

कृषक की आय दोगुना–
गन्ने के साथ अन्तःफसल

गन्ना में अन्तः फसल लेकर दोगुना आर्थिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। साथ ही सीमित भूमि में खाद्य अन्न, तेल, चारा आदि जीवन की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाती है। अन्तः फसल से मृदा संरचना में सुधार तथा उर्वरता में वृद्धि सम्भव है।

अन्तः फसल खेती के लिए उन्हीं फसलों का चयन करना चाहिए, जो वृद्धि स्पर्धा न करें, शीघ्र तैयार हो जाय, अधिक न फैले, छाया न करें तथा कृषि निवेश उपलब्धता के अनुकूल हो शरदकालीन गन्ना में दो फसलें आलू या लाही के बाद गेहूँ अन्तः फसल के रूप में ली जा सकती है।

शरदकालीन गन्ना के साथ अन्तः फसल

क्र0सं0	अन्तःफसल	किस्में	लाइन की संख्या	आवश्यक पोषक तत्व		
				नत्रजन	फॉस्फोरस	पोटाश
1	तोरिया या लाई	टा0 36 पी0टी0 303	2	40	20	20
2	राई	वरूना, पूसा, बोल्ड, क्रोन्ति	1	40	20	20
3	आलू	कु0 चन्द्रमुखी कु0 अशोक कु0 चमत्कार कु0 सिंदूरी कु0 ज्योति	1 2	60 40	40 40	40 40

क्र0सं0	अन्तःफसल	किस्में	लाइन की संख्या	आवश्यक पोषक तत्व		
				नत्रजन	फॉस्फोरस	पोटाश
4	मटर	आरकिल, अगेति मटर वी0एल	3 7	20	40	–
5	प्याज	कल्यानपुर, लाल गोल, पूसा लाल	4	80	40	40
6	लहसुन	देशी	5	80	40	40
7	गेहूँ	एच 2204 यू0पी0 2003	2 3	60 90	30 45	30 45

शरदकालीन गन्ने में अन्य फसलों को भी यथा–चना, बरसीम, चुकन्दर, धनियाँ, मसूर, मूली, पालक, मेथी, कलौंजी, शलजम आदि को अन्तः फसल के रूप में सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है।

बसन्तकालीन गन्ना

क्र0सं0	फसल	किस्में	लाइन की संख्या	आवश्यक पोषक तत्व		
				नत्रजन	फॉस्फोरस	पोटाश
1	मूँग	के0 85, टा0 44	2	10–15	40–50	–
2	उड़द	टा0 9, पूसा–1	2	10–15	40–50	–
3	लोबिया	टा0 स, पूसा–2	2	10–12	10–25	50
4	भिण्डी	पूसा सावनी पूसा मखमली	2	40	25	25
5	प्याज	पूसा मखमली पूसा सफेद	4	80	40	40

नोटः– अन्तः फसलों को यथासंस्तुत समय पर बोना तथा उनके द्वारा घेरे गये क्षेत्रानुसार यथा संस्तुति पोषक तत्वों की अलग–अलग पूर्ति करना, अन्तः फसल पकने के बाद यथा शीघ्र काट कर अलग करना तथा गन्ना फसल की भलीभाँति देखभाल करना आवश्यक है।

सारिणी 5 : गन्ना आधारित सहफसली उत्पादन, लाभ व लागत अनुपात:–

पद्धतियाँ	उपज (टन/है0)		लाभ : लागत अनुपात
	गन्ना	सहफसल	
शरदकालीन गन्ना			
गन्ना + राज्मा	86.8	1.75	2.54
गन्ना + मसूर	76.5	1.16	1.73
गन्ना + आलू	90.6	28.9	1.67
बसन्तकालीन गन्ना			
गन्ना + लोबिया	75.2	2.90	1.48
गन्ना + मूँग	76.6	0.57	1.38

लाल बहादुर शास्त्री उ.प्र. गन्ना किसान संस्थान, 11, बटलर रोड, लखनऊ की ओर से निदेशक द्वारा सम्पादित
तथा प्रकाश पैकेजर्स, 257–गोलागंज, लखनऊ से मुद्रित।